दिनांक  26 मार्च 2025 विज्ञान के छात्र छात्राओ का एकदिवसीय शैक्षिक भ्रमण  बस द्वारा बकेवर से जिओ साइंस म्यूजियम ग्वालियर पहुंचा|











कैम्ब्रियन सामूहिक विलोपन
CAMBRIAN MASS EXTINCTION




HAPLORHINES




# जनता कालेज बकेवर में विज्ञान के छात्र, छात्राओ का एकदिवसीय शैक्षिक भ्रमण बस द्वारा जिओ साइंस म्यूजियम ग्वालियर पहुंचा

बकेवर, २८ मार्च (निप्र)। जनता कालेज बकेवर में विज्ञान के छात्र, छात्राओ का एकदिवसीय शैक्षिक भ्रमण बस द्वारा जिओ साइंस म्यूजियम ग्वालियर पहुंचा उन्होंने विभिन्न प्रकार विषय से संबंधित म डल तथा स्पेसिमेन देखे। मानव का विकास, पृथ्वी पर जीवन का प्रारंभ, विभिन्न प्रकार के जेम्स, अंतरिक्ष ,मानव मछलियों अस्थियों जीवाश्म, डीएनए आरएनए आदि का प्रदर्शन देखा. इसके अतिरिक्त मशीन पर भूकंप का एहसास किया. डायनासोर किस प्रकार गर्जना करते थे, इसे एक म डल द्वारा दर्शाया गया। विभिन्न प्रकार के जलीय जीव, मानव, पक्षी आदि के प्रस्तुतीकरण भी देखे। म्यूजियम में करोड़ों वर्ष पूर्व के जीवाश्म, तथा पत्थर छात्र-छात्राओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने। छात्र-छात्राएं ऐतिहासिक पुरानी ध रोहर ग्वालियर फोर्ट का भ्रमण किया जहां वहां सास बहू का मंदिर ,राजा मानसिंह का किला तथा म्यूजियम को भी देखा. टूर में विभिन्न कक्षाओं के ५२ छात्र छात्राएं सम्मिलित रहे।




भ्रमण का नेतृत्व क लेज के प्राध्यापक प्रो. ललित गुप्ता, डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ. शैली यादव एवं सुश्री रिंकी धनगर द्वारा किया गया सभी छात्र प्रफुल्लित थे यह उनके सिलेबस का एक हिस्सा था जिसे करना आवश्यक था। शैक्षिक भ्रमण की सफलता पर प्राचार्य प्रो. आर के त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

---



# छात्रों को परीक्षा से रोकने से पहले देनी होगी सूचना

## पॉलीटेक्निक की सेमेस्टर व वार्षिक परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। राजकीय, अनुदानित व निजी पॉलीटेक्निक की सेमेस्टर और वार्षिक परीक्षा से किसी विद्यार्थी को रोकने से पहले प्रधानाचार्यों को प्राविधिक शिक्षा परिषद को इसकी जानकारी देनी होगी। इसके बाद विद्यार्थी परीक्षा के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। परिषद ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

पॉलीटेक्निक की सेमेस्टर और वार्षिक परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। परीक्षार्थी बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन यूपी की वेबसाइट के जरिये 10 अप्रैल तक परीक्षा शुल्क जमा कर सकते हैं।

### स्टूडेंट लॉगिन के जरिये 10 अप्रैल तक जमा होंगे शुल्क

प्राविधिक शिक्षा परिषद ने स्पष्ट किया है कि फीस शुल्क ऑनलाइन ही जमा करें। ट्रेजरी चालान और बैंक ड्राफ्ट से शुल्क मान्य नहीं होगा। ऐसी स्थिति पर आवेदन निरस्त माने जाएंगे।

प्राविधिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर जारी अधिसूचना के अनुसार, 31 मार्च तक विद्यार्थी स्टूडेंट लॉगिन पर प्रोविजनल परीक्षा फॉर्म देख सकते हैं। इसमें नाम, परीक्षा संबंधी विषयों की जानकारी व परीक्षा शुल्क का विवरण दिया गया है।

स्टूडेंट लॉगिन के जरिये ही एक से 10 अप्रैल तक शुल्क जमा होंगे। 12 अप्रैल तक परीक्षा फॉर्म परिषद को अग्रसारित किया जाएगा। अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 12 की मध्यरात्रि के बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। ऐसे में समय से पहले परीक्षा आवेदन व शुल्क जमा कर दें। प्राविधिक शिक्षा परिषद के सचिव अजीत कुमार ने राजकीय, अनुदानित व निजी पॉलीटेक्निक संस्थानों को आदेश जारी किया है।

# छात्र-छात्राओं ने देखा कैसे गरजते थे डायनासोर

बकेवर। जनता कॉलेज के विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को ग्वालियर में शैक्षिक भ्रमण किया। छात्र-छात्राओं ने साइंस म्यूजियम में विभिन्न विषयों से संबंधित मॉडल देखे। विलुप्त हो चुके डायनासोर किस प्रकार गर्जते थे, यह भी म्यूजियम में देखा।

स्नातक और परास्नातक वर्ग के 52 छात्र-छात्राओं का दल जीव विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो ललित गुप्ता की अगुवाई में ग्वालियर पहुंचा।

छात्र-छात्राओं ने जियो साइंस म्यूजियम में मानव के विकास, पृथ्वी पर जीवन का प्रारंभ, अंतरिक्ष, मानव, मछलियों की अस्थियों के जीवाश्म, डीएनए व आरएनए आदि देखा। इसके अतिरिक्त मशीन पर भूकंप का एहसास किया।

### जनता कॉलेज के छात्रों ने ग्वालियर के साइंस म्यूजियम का किया भ्रमण

प्रो ललित गुप्ता ने बताया कि म्यूजियम में करोड़ों वर्ष पूर्व के जीवाश्म तथा पत्थर छात्र-छात्राओं के लिए आकर्षण का केंद्र थे। छात्र छात्राओं के दल ने ऐतिहासिक पुरानी धरोहर ग्वालियर किला का भ्रमण किया।

सास-बहू का मंदिर, राजा मानसिंह का किला तथा म्यूजियम भी देखा। उनके साथ फिजिक्स विभाग के प्रभारी डॉ प्रकाश दुबे, माइक्रोबायोलॉजी विभाग की शैली यादव व रिंकी धनगर भी मौजूद रहीं। (संवाद)

# नुक्कड़ नाटक से बताए सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव

## वार्षिक समारोह में बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी



वार्षिक समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। स्वयं

बकेवर। एसबीएस इंटर कॉलेज हरीगपुर में वार्षिक समारोह का आयोजन किया। इसमें स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया व पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया ने किया।

बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। छात्र छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। साथ ही नौनिहालों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। कोई डॉक्टर बना तो कोई फौजी। कॉलेज प्रबंधक विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का मानसिक विकास होता है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष विवेक यादव, कॉलेज के डायरेक्टर नितिन उपाध्याय, सरोज शुक्ला, खुशी खान, आभा चतुर्वेदी, आकाश यादव, आकांक्षा त्रिपाठी, योगेन्द्र कुमार, गुलफसा, आरती सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।